**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**18.11.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15:00 बजे**

## राष्ट्रपति – जल शक्ति

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जल की उपलब्धता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी से मिलकर काम करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन आज के समय में जल चक्र को प्रभावित कर रहा है। नई दिल्ली में छठे राष्ट्रीय जल पुरस्कार 2024 और प्रथम जल संचय जन भागीदारी पुरस्कार प्रदान करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि देश के लिए जल का कुशल उपयोग आवश्यक है। उन्होंने पुरस्कार विजेताओं को जल संरक्षण के उनके प्रयासों के लिए बधाई दी और कहा कि इसके बिना कोई भी जीवित नहीं रह सकता। राष्ट्रपति ने बताया कि पिछले वर्ष शुरू किए गए जल संरक्षण जनभागीदारी कार्यक्रम के तहत 35 लाख से अधिक भूजल पुनर्भरण संरचनाओं का निर्माण किया गया है।

इस दौरान सर्वश्रेष्ठ ज़िला, ग्राम पंचायत, शहरी स्थानीय निकाय, संस्थान, विद्यालय और सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति सहित दस श्रेणियों में 46 विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए।

## सम्मान निधि

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल 19 नवंबर को पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 21वीं किस्त जारी करेंगे। इस किस्त के साथ इस योजना के अंतर्गत देशभर के 11 करोड़ से अधिक किसान परिवारों को तीन लाख 70 हजार करोड़ रूपए से अधिक की राशि सीधे खाते में भेजी जाएगी। उल्लेखनीय है कि इस योजना में किसान परिवारों को सालाना 6 हजार रूपए दिये जाते हैं जो दुनिया के सबसे बड़े प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण कार्यक्रमों में से एक है।

## राजेश धर्माणी

नगर व ग्राम नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा है कि चंडीगढ़ और पंचकुला की तर्ज पर हिमाचल में भी सैटेलाइट टाउनशिप विकसित करने की योजना है। सिरमौर जिला के पच्छाद उपमण्डल के घिन्नी घाड़ क्षेत्र में सैटेलाइट टाउनशिप विकसित करने की संभावनाओं को तलाशने के लिए उन्होंने कल जामन की सैर व सुरला जनोट गांव का दौरा किया। राजेश धर्माणी ने कहा कि पच्छाद उपमंडल के हरियाणा राज्य के साथ लगते क्षेत्र में सैटेलाइट टाउनशिप की संभावनाओं को तलाशा जाएगा, जिससे बेहतर हाउसिंग सुविधा के साथ साथ लोगों की आर्थिकी भी सुदृढ होगी उन्होंने कहा कि टाउनशिप विकसित करने के लिए क्षेत्र के भू–मालिकों से स्वेच्छा से भूमि ली जाएगी।

## प्राकृतिक खेती

राज्य सरकार प्रदेश में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दे रही है और किसान व बागवान इस खेती को अपना रहे हैं। सरकार के प्रयासों के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं और किसान रसायनिक खादों को छोड़ कर प्राकृतिक विधि से खेती कर बेहतर आमदनी अर्जित कर रहे हैं। और ब्यौरे के साथ हमारे मंडी जिला संवाददाता------

## भूमि लीज

राज्य सरकार ने सरकारी भूमि को लीज पर देने की अवधि 99 से घटाकर 40 वर्ष कर दी है। सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार अब बिजली परियोजनाओं, पर्यटन, उद्योग व अन्य परियोजनाओं को भूमि 40 वर्ष के लिए लीज पर मिलेगी। हालांकि हिमुडा में रियायत देते हुए सरकार ने लीज की अवधि 80 वर्ष निर्धारित की है।

## हिमोत्सव

जाइका वानिकी परियोजना ने दिल्ली हाट परिसर में चल रहे 15 दिवसीय हिमोत्सव में स्वयं सहायता समूहों के पहाड़ी उत्पाद उतार दिए हैं। परियोजना ने 12 स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों की बिक्री के लिए 5 स्टाल लगाए हैं जिसमें हिमाचल की पपरंपरा, कला, खानपान, परिधान समेत अन्य रसायन मुक्त उत्पाद शामिल हैं।

---